# आयुक्त ने निर्माणाधीन SLRM सेंटर का किए निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 04 खुर्सीपार अंतर्गत पंडित दीनदयाल स्टेडियम, निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर, सामुदायिक भवन, सुलभ शौचालय, सहित निगम स्वामिस्व के भूखण्डों का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने खुर्सीपार स्थित पंडित दीनदयाल स्टेडियम का निरीक्षण किये। स्टेडियम परिसर खेल ग्राउण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण हेतु चर्चा किये। शौचालय का आवश्यक संधारण कराने निर्देशित किया गया है, जिससे दुकानों के संचालन में किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो । स्टेडियम परिसर के सभी दुकानों हेतु पूर्व में रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई थी । महापौर परिषद से पारित संकल्प अनुसार दुकानों का पुनः रुचि की अभिव्यक्ति जारी की जाएगी । आयुक्त ने निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का अवलोकन करते हुए कार्य शीध्र पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर पानी एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने केयरटेकर को निर्देशित किया गया है। शिव मंदिर के समीप नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। शासकीय उपयोग हेतु निगम स्वामित्व के भूखण्ड का निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेन्द्र सिंह परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं सुपरवाईजर वेकंट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

